NT>

Title: Need for construction of dams in Varrah area in Bihar to check recurring flood there.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : सभापति महोदय, बिहार राज्य में प्रत्येक र्वा भयंकर विनाशकारी बाढ़ आती है जिससे भारी मात्रा में जान-माल की अपार क्षति होती है। बिहार में बाढ़ के स्थाई समाधान के लिए कोशी, बागमती एवं कमला नदी पर डैम बनाने एवं कोशी नदी पर बराह क्षेत्र में डैम बनाने में विलम्ब के कारण 1953 से आज तक बाढ़ से भयंकर जान-माल की क्षति हो रही है। जबकि पंजाब के भाखड़ा नांगल डैम के साथ ही कोशी पर बराह क्षेत्र में डैम का प्रस्ताव किया गया था, लेकिन यह डैम प्रोजैक्ट अभी तक नहीं बना है जिसके कारण हर साल विनाशकारी बाढ़ आ रही है, जान-माल की अपार क्षति हो रही है। राज्य की कृाि भी बर्बाद हो रही है। जनता का अभी तक दो खरब रुपए का नुकसान हो चुका है। बिहार में सारी फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। बिहार की जनता रोजी-रोटी की तलाश में पलायन कर रही है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए कोशी, बागमती, कमला नदीं पर बराह क्षेत्र में डैम का यथाशीघ्र निर्माण कराया जाए।